Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

74th Republic Day Celebrated at CUH

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 28-01-2023**

भारत के लोग गणतंत्र की ताकत : प्रो. टंकेश्वर कुमार

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ध्वज फहराते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. हकेंवि

महेंद्रगढ़ : भारत का 74वां गणतंत्र दिवस हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन स्थित विद्या वीरता स्थल पर देश की सेवा में शहीद सैनिकों को नमन किया। इसके पश्चात प्रशासनिक खंड स्थित उद्यान में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, सुनील अग्रवाल, प्रो. सारिका शर्मा, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. नीलम सांगवान सहित काफी संख्या गणमान्य लोग मौजूद थे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: **Punjab Kesari** Date: 28-01-2023

बाबा साहेब ने आमजन को केंद्र में रखकर किया संविधान का निर्माण : प्रो. टंकेश्वर कुमार

कहा-भारत के लोग ही गणतंत्र की ताकत

महेंद्रगढ़, 27 जनवरी (परमजीत/मोहन): भारत का 74वां गणतंत्र दिवस हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (ह.कें.वि.), महेंद्रगढ़ में हर्षोल्लास से मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड-3 स्थित विद्या वीरता स्थल पर देश की सेवा में शहीद सैनिकों को नमन किया। इसके पश्चात प्रशासनिक खंड स्थित उद्यान में ध्वजारोहण किया। उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार।

कुलपति ने इस अवसर पर देश की सीमा पर तैनात वीर सैनिकों के शौर्य व बलिदान को भी नमन किया। विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुल सचिव प्रो. सुनील कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के 140 करोड़ लोग ही इस गणतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने भारतीय संविधान को एक पवित्र पुस्तक बताते हुए कहा कि संविधान पर चलते हुए ही हम भारत को एक मजबूत लोकतंत्र के रूप में वैश्विक पटल पर प्रस्तुत कर सके हैं। भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हुए कुलपति ने कहा कि बाबा साहेब ने आमजन को केंद्र में रखकर संविधान का निर्माण किया।

आज भारत की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को दुनिया में नई पहचान मिल रही है। हमारा यह नैतिक कर्त्तव्य है कि हम अपने गौरवशाली इतिहास व संस्कृति से अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी अवगत करवाएं। उन्होंने सरकार की मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय इन सभी योजनाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

उन्होंने अपने संबोधन में प्रस्तावित राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) मूल्यांकन का उल्लेख करते हुए कहा कि अवश्य ही इस बार भी विश्वविद्यालय सभी के सामूहिक प्रयासों से अच्छा रैंक हासिल करेगा।

इस मौके पर प्रो. सारिका शर्मा, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. नीलम सांगवान, प्रो. फूल सिंह, प्रो. रंजन अनेजा, डॉ. अजयपाल शर्मा आदि मौजूद थे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala **Date: 28-01-2023**

देश के लोग गणतंत्र की ताकत : प्रो. टंकेश्वर

महेंद्रगढ़। देश का 74वां गणतंत्र दिवस हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन स्थित विद्या वीरता स्थल पर देश की सेवा में शहीद सैनिकों को नमन किया। इसके पश्चात प्रशासनिक खंड स्थित उद्यान में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि भारत के 140 करोड़ लोग ही इस गणतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भारतीय संविधान को एक पवित्र पुस्तक बताते हुए कहा कि संविधान पर चलते हुए ही हम भारत को एक मजबूत लोकतंत्र के रूप में वैश्विक पटल पर प्रस्तुत कर सके हैं। प्रो. सारिका शर्मा मौजूद रहे। संवाद